# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 27-9-25 | 02 | 2-4 |

# हकृवि की दो छात्राएं वेस्टर्न सिडनी विवि में मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयनित

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शोध कार्यों, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां से न केवल वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है बल्कि अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। माइक्रोबायोलाजी विभाग की सुप्रिया और बाटनी एवं प्लांट फिजियोलाजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डा. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डा. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में अपना शोध कार्य करेगी जबकी सुप्रिया डा. बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी। उनका चयन उनकी कड़ी मेहनत शैक्षणिक समर्पण और विश्वविद्यालय में पोषित मजबूत शोध संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय के सात छात्रों ने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत् स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम पूरा कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय सेल के समन्वयक डा. मंजूनाथ डा. नवीन व डा. दर्शना भी अपना योगदान दे रहे हैं।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ • जागरण

## क्लिनिकल रिसर्च के नैतिक और विज्ञानी पहलुओं को समझाया

जासं • हिसार : अग्रोहा स्थित महाराजा अग्रसैन मेडिकल कालेज के फार्माकोलाजी विभाग की ओर से मेडिकल एजुकेशन यूनिट के तत्वावधान में पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए एक उत्तम क्लिनिकल प्रैक्टिस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल डा. डीपी वत्स ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस क्लिनिकल रिसर्च के नैतिक और वैज्ञानिक पहलुओं पर था। इसमें प्रतिभागी सुरक्षा, सूचित सहमति, प्रोटोकाल का पालन और डेटा अखंडता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। विभिन्न सत्रों व केस-आधारित चर्चा की मदद से छात्रों को जीसीपी दिशा-निर्देशों की व्यावहारिक समझ हासिल करने में मदद मिली। इस अवसर पर गीता वत्स, महाविद्यालय निदेशक डा. अलका छाबड़ा, प्रशासनिक निदेशक डा. आशुतोष शर्मा, डीन एकेडमिक डा. करनदीप, फार्माकोलाजी विभागाध्यक्ष डा. सीमा, डा. लवेश शुक्ला सहित विभागाध्यक्ष, पीजी छात्र और प्रोफेसर उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 27-9-25 | 02 | 1-2 |

## एचएयू की दो छात्राएं वेस्टर्न सिडनी विवि में मास्टर ऑफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयनित



एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ।

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर ऑफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। विवि में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में शोध कार्य करेगी जबकि सुप्रिया डॉ. बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी। कॉलेज के सात छात्रों ने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम पूरा कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय सेल के समन्वयक डॉ. मंजूनाथ डॉ. नवीन व डॉ. दर्शना भी अपना योगदान दे रहे हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने उच्च शिक्षा में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 27-9-25 | 04 | 5-6 |

# हकृवि की दो छात्राएं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयनित

हिसार, 26 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ*

कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शोध कार्यों, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां से न केवल वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है बल्कि अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में अपना शोध कार्य करेगी जबकी सुप्रिया डॉ. बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी। उनका चयन उनकी कड़ी मेहनत शैक्षणिक समर्पण और विश्वविद्यालय में पोषित मजबूत शोध संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय के सात छात्रों ने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत स्नातक, और स्नातकोत्तर कार्यक्रम पूरा कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय सेल के समन्वयक डॉ. मंजूनाथ डॉ. नवीन व डॉ. दर्शना भी अपना योगदान दे रहे हैं।

सुप्रिया ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यह अवसर पाकर मैं गौरवान्वित हूं। जो हमें सीखने, आगे बढ़ने और सतत कृषि अनुसंधान में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाएगा। यशिका ने बताया कि किसी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. का अवसर प्राप्त करने से न केवल मेरे शैक्षणिक क्षितिज का विस्तार होगा, बल्कि मुझे अपने क्षेत्र में विधिक शोध पद्धतियों और वैश्विक परिप्रेक्ष्यो से भी अमूल्य परिचय प्राप्त होगा। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा व डॉ. अनुज राणा भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 27-9-25 | 05 | 3-5 |

# हकृवि की दो छात्राएं वैस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयनित

## कुलपति ने दोनों छात्राओं को चयनित होने पर दी बधाई

हिसार, 26 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शोध कार्यों, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां से न केवल वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है बल्कि अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में अपना शोध कार्य करेगी जबकी सुप्रिया डॉ बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी। उनका चयन उनकी कड़ी मेहनत शैक्षणिक समर्पण और विश्वविद्यालय में पोषित मजबूत शोध संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय के सात छात्रों ने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत् स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम पूरा कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय सेल के समन्वयक डॉ. मंजूनाथ डॉ. नवीन व डॉ. दर्शना भी अपना योगदान दे रहे हैं। दोनों छात्राओं सुप्रिया और यशिका ने अपने माता-पिता व शिक्षकों का उनके निरंतर प्रोत्साहन के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने उच्च शिक्षा में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को वहां के अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने अपने सलाहकारों डॉ. शिखा मेहता, डॉ. राहुल ढाका और डॉ. जितेंद्र भाटिया के शैक्षणिक मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया। सुप्रिया ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यह अवसर पाकर मैं गौरवान्वित हूं। जो हमें सीखने, आगे बढने और सतत कृषि अनुसंधान में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाएगा। हमें यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं विश्वविद्यालय के कुलपति की हार्दिक आभारी हूं। यशिका ने बताया कि किसी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पीएचडी का अवसर प्राप्त करने से न केवल मेरे शैक्षणिक क्षितिज का विस्तार होगा, बल्कि मुझे अपने क्षेत्र में विधिक शोध पद्धतियों और वैश्विक परिप्रेक्ष्यो से भी अमूल्य परिचय प्राप्त होगा। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा व डॉ. अनुज राणा भी उपस्थित रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 27-9-25 | 14 | 7-8 |



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

# वेस्टर्न सिडनी विवि में मास्टर रिसर्च करेंगी हकृवि की 2 छात्राएं

■ कुलपति ने दोनों छात्राओं को चयनित होने पर दी बधाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शोध कार्यों, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। ऐसी उपलब्धियां से न केवल वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है, बल्कि अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य के लिए प्रेरित करती हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में और सुप्रिया डॉ. बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेंगी। उनका चयन उनकी कड़ी मेहनत शैक्षणिक समर्पण और विवि में पोषित मजबूत शोध संस्कृति का प्रमाण है।

## जताया आभार

सुप्रिया और यशिका ने अपने माता-पिता व शिक्षकों का उनके निरंतर प्रोत्साहन के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने उच्च शिक्षा में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को वहां के अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने अपने सलाहकारों डॉ. शिखा मेहता, डॉ. राहुल ढाका और डॉ. जितेंद्र भाटिया के शैक्षणिक मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 26.09.2025 | -- | -- |

# हकृवि की दो छात्राएं वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्रा म के लिए चयनित, कुलपति ने दोनों छात्राओं को चयनित होने पर दी बधाई

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 26 सितम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शोध कार्यों, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां से न केवल वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है बल्कि अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में अपना शोध कार्य करेगी जबकी सुप्रिया डॉ बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी। उनका चयन उनकी कड़ी मेहनत शैक्षणिक समर्पण और विश्वविद्यालय में पोषित मजबूत शोध संस्कृति का प्रतिबिंब है। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय के सात छात्रों ने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत् स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम पूरा कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय सेल के समन्वयक डॉ. मंजूनाथ डॉ. नवीन व डॉ. दर्शना भी अपना योगदान दे रहे हैं।



## माता-पिता एवं शिक्षकों का किया आभार व्यक्त

दोनों छात्राओं सुप्रिया और यशिका ने अपने माता-पिता व शिक्षकों का उनके निरंतर प्रोत्साहन के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने उच्च शिक्षा में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को वहां के अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने अपने सलाहकारों डॉ. शिखा मेहता, डॉ. राहुल ढाका और डॉ. जितेंद्र भाटिया के शैक्षणिक मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया। सुप्रिया ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यह अवसर पाकर मैं गौरवान्वित हूं। जो हमें सीखने, आगे बढने और सतत कृषि अनुसंधान में सार्थक योगदान देने में सक्षम बनाएगा। हमें यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं विश्वविद्यालय के कुलपति की हार्दिक आभारी हूं। यशिका ने बताया कि किसी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पीएचडी का अवसर प्राप्त करने से न केवल मेरे शैक्षणिक क्षितिज का विस्तार होगा, बल्कि मुझे अपने क्षेत्र में विधिक शोध पद्धतियों और वैश्विक परिप्रेक्ष्यो से भी अमूल्य परिचय प्राप्त होगा। इस अवसर पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा व डॉ. अनुज राणा भी उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 26.09.2025 | -- | -- |

# हकृवि की दो छात्राएं यशिका व सुप्रिया वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में चयनित



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शोध कार्यों, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां से न केवल वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है बल्कि अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में अपना शोध कार्य करेगी जबकी सुप्रिया डॉ बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 26.09.2025 | -- | -- |


# हकृवि की दो छात्राओं का वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन

नभ-छोर न्यूज ⏭ 26 सितंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर ऑफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कुलपति ने कहा कि माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता



प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में अपना शोध कार्य करेगी जबकि सुप्रिया डॉ बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 27-9-25 | 11 | 1 |

## हकृवि दशहरा महोत्सव में रामायण 30 को

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय 30 सितंबर को इंदिरा गांधी सभागार में दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में 'स्वांग शैली में रामायण' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि होंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों एवं कैंपस स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे शाम को डांडिया नृत्य के साथ संपन्न होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 27-9-25 | 05 | 05 |

## दशहरा महोत्सव में रामायण कार्यक्रम का आयोजन 30 को

हिसार, 26 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आगामी 30 सितम्बर को इंदिरा गांधी सभागार में दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में 'स्वांग शैली में रामायण' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों एवं कैंपस स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे शुरू होकर शाम को डांडिया नृत्य के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटियां भी लगाई गई हैं। कार्यक्रम के समन्वयक की जिम्मेवारी सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा तथा आयोजन सचिव डॉ. संध्या शर्मा को बनाया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 26.09.2025 | -- | -- |

# हकृवि में रामायण कार्यक्रम 30 को

नभ-छोर न्यूज ⏭ 26 सितंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आगामी 30 सितंबर को इंदिरा गांधी सभागार में दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वांग शैली में रामायण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों एवं कैंपस स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स न्यूज | 26.09.2025 | -- | -- |

# हकृवि के दशहरा महोत्सव में रामायण कार्यक्रम 30 को

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 30 सितंबर को इंदिरा गांधी सभागार में दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में 'स्वांग शैली में रामायण' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों एवं कैंपस स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे शुरू होकर शाम को डांडिया नृत्य के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम के समन्वयक की जिम्मेवारी सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सुशील लेगा तथा आयोजन सचिव डॉ. संध्या शर्मा को बनाया गया है।